# गर्मी में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित हो, अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई करें : जलदाय मंत्री



भूजल मंत्री कन्हैया लाल ने सकतपुरा स्थित 130 एमएलडी प्लांट सभागार में बैठक ली।

**कोटा,** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैया लाल ने गुरुवार को सकतपुरा स्थित 130 एमएलडी प्लांट सभागार में आयोजित बैठक में कोटा-बूंदी क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार हर घर को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए अधिकारी पूरी निष्ठा से कार्य करें।

जलदाय मंत्री ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अवैध जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि कोटा क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था के लिए सरकार ने 400 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लांट और पंप हाउस की स्थापना में ऐसी मशीनरी का उपयोग किया जाए जो लागत में किफायती और रखरखाव में आसान हो। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के दौरान तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह में एक बार जलापूर्ति कार्यों की समीक्षा करें।

उन्होंने यूआईडीपी या अन्य विभागों द्वारा किए जाने वाले खुदाई कार्यों से जलापूर्ति पाईपलाईन को होने वाले नुकसान पर चिंता व्यक्त की और इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

जलदाय मंत्री ने कोटा में अमृत 2.0 के कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चंबल नदी के किनारे बसे कोटा में पानी की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और यदि जनता को पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन के जो अधूरे कार्य हैं उनको तेज गति से कर जनता को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता सहन नहीं की जाएगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि कोटा में 140 एमएलडी के एक नए प्लांट की योजना बनाई गई है। उन्होंने जल के संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि हर बूंद को अमृत समझकर बचाना होगा जलदाय मंत्री ने बूंदी जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की जलापूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक गांव और ढाणी का दौरा कर जलापूर्ति की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने ठेकेदारों के कार्यों की गुणवत्ता की गहन जांच करने के निर्देश दिऐं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे बंद कमरों में बैठकर एस्टीमेट न बनाएं, बल्कि मौके पर जाकर सर्वे करें और वास्तविक स्थिति के आधार पर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई भी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि अपनी जल समस्या को लेकर अधिकारियों से संपर्क करता है तो उसे उचित और स्पष्ट जवाब दिया जाए कि समस्या कब तक हल होगी।

बैठक में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैया लाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी मांग पर कोटा में जलापूर्ति के लिए पर्याप्त बजट दिया गया है और कोटा के छूटे हुए क्षेत्रों को नई डीपीआर में शामिल किया गया। बैठक में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में कोटा उत्तर के अलावा अन्य क्षेत्रों के विकास को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कोटा के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जलापूर्ति योजनाओं का लाभ प्रत्येक कोटावासी को मिले। बैठक में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व विधायक अशोक डोगरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सहायक कलक्टर हुकम कँवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवकीनंदन व्यास, अधीक्षण अभियंता भारत भूषण मिगलानी एवं अन्य अभियंता उपस्थित रहे।

## हटाया अतिक्रमण

**मांगरोल** (नि सं) मांगरोल नगर पालिका क्षेत्र में गुरुवार को उपखंड अधिकारी अंजना शेरावत के नेत्वव में पालिका प्रशासन ने अवैध कॉलोनीयो पर बुलडोजर चला कर कॉलोनी का अतिक्रमण हटाए, यह अवैध कॉलोनी नगर में काटी जा रही है ,नहीं कराया कन्वर्जन लाखों का चुनाव सरकार को लगाया जा रहा है जिसको लेकर जिला कलेक्टर बाराँ के दो महीने पहले जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी को निदेश दिए गए थे कि मांगरोल क्षेत्र में अवैध कॉंलोनियां काटी जा रही है इनकी कोई फाईल जमा नहीं हो पा रहा है ना कन्वर्जन जमा किया गया , इसलिए इन अवैध कॉलोनी पर स्थानिय प्रशासन ने कार्रवाई कर रोकथाम की जाए। जबकि नगर में अवैध कॉंलोनियां बारां रोड गोरा जी देवस्थान जमीन के पास शीसवाली रोड, इटावा रोड छात्रावास के पास बमोरी रोड रामगढ़ रोड के पास यह भी कालोनी काटी जा रही है जमीन को खरीद कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं सरकार को लगा रहे लाखों का चुनाव इसलिए मांगरोल प्रशासन ने 3 अप्रैल गुरुवार को अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारियों सहित पालिका क्षेत्र में काटी गई है अवैध कॉलोनी खाटू श्याम कॉलोनी, सीसवाली रोड, बजरंग नगर कॉलोनी सीसवाली रोड, श्री नंद विहार बारा रोड मांगरोल की अवैध प्लानिंगध्वस्त की गई।

## रक्तदान शिविर 7 अप्रैल को

**बूंदी।** अभिभाषक परिषद, सकल जैन समाज, जे सी आई ऊर्जा, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 7 अप्रैल को प्रात: 10:30 बजे से अभिभाषक परिषद कक्ष मे रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा बतौर मुख्य अतिथि करेंगे तथा अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला की होंगी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीना रहेंगे अभिभाषक परिषद अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में सहयोग हेतु अधिवक्ता संजय शर्मा, कविता कहार को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती उमा देवी पत्नि स्व. श्री मोहनलाल, सुरेश, महेश, नरेश पिसरान स्व. श्री मोहनलाल निवासीगण -173 -बी, तलवण्डी, कोटा (राज.) के स्वामित्व एवं कब्जे का एक मकान गली नं.-6, एम.डी. मिशन कॉलेज के पास, बालाकुण्ड, कोटा में स्थित है मेरे पक्षकारान को जानकारी हुई है कि उक्त मकान को कोई व्यक्ति फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचान करने को आमादा है जबकि मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त मकान को न्यायालय किराया अधिकरण, कोटा के निर्णय व डिक्री दिनांक 05.09.2015 के अनुसरण में दिनांक 13.11.2021 को किरायेदार से वापस कब्जा प्राप्त किया है। कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकारगण के अलावा अन्य किसी से उक्त मकान के संबंध में किसी प्रकार का बेचान का सौदा व इकरार करता है तो वह निष्प्रभावी होगा तथा उससे होने वाली क्षति के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित हो।

भवदीय:
मुहर
योगेश गुप्ता एडवोकेट,
मो. 9829244158

**कार्यालय नगर पालिका, रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.)**

क्रमांक : न.पा.रा./2025/24 — **आपत्ति आमंत्रण सूचना** — दिनांक : 03.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका द्वारा स्वीकृत योजना में नामान्तरण हेतु नगर पालिका कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है नामान्तरण दर्ज किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पता | राजस्व ग्राम मय खसरा नं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | उनवान | चर्तुसीमा की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री भारत शर्मा पुत्र श्री शिवदत्त जाति ब्राह्मण निवासी-रामगंजमण्डी | गोरधनपुरा 22/2 | 44 | 1846 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | प्लाट नं. 45 | प्लाट नं. 43 | रास्ता | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रामगंजमण्डी

## हर घर में होगा सर्वे कार्य एवं जागरुकता गतिविधियां

**झालावाड़** । डेंगू और मलेरिया व मौसमी बीमारीयों की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण 01 अप्रेल से 14 मई 2025 तक चलाया जा रहा है। जिसमें चिकित्सा विभाग की टीम में सीएचओ, एएनएम व आशा घर-घर जाकर सर्वे कार्य कर रहे है। इन टीमों के द्वारा सर्वे के अन्तर्गत एन्टलार्वल, एन्टी एडल्ट, सोर्स रिडक्शन एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियों का प्रसारण किया जा रहा है। हाई रिस्क क्षेत्रों में कर रही है विशेष फोकसः- उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. लेखराज मालव ने बताया कि पिछले तीन वर्षो में जिन क्षेत्रों में लगातार पॉजेटिव कैस आये है उन क्षेत्रों में विशेष कार्य योजना बनाकर सर्वे एवं आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से मौकेपर ही लार्वा प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार के अभियान को गति प्रदान की जा रही है। ताकि समय रहे जिले में होने वाली गंभीर मौसमी बीमारीयों से निजात पाया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने चिकित्सा विभग एवं जिला प्रशासन की ओर से आमजन से बुखार होने पर नजदीकि राजकीय चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेते हुए अपने खून की जॉच की स्लाईड आवश्यक रुप से बनवाये। जहॉ आप रहते है वहॉ के आस-पास के क्षेत्र में पानी इकट्ठा न होने देवे ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। हर रविवार को घर के भरे हुए पानी के सोर्स परिंडे, गमले, कुलर, टंकी, छत पर रखे पुराने टायर व कबाड की सफाई कर सूखा दिवस मनायें।

## धार्मिक अनुश्ठान 10 से होगें शुरू

**छबड़ा।** क्षेत्र के षंकर कॉलोनी (चांचौड़ा) में 11 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं षिव पंच परिवार प्राण-प्रतिश्ठा 10 अप्रैल से षुरू होगी। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। यहां 10 अप्रैल को श्रीगणेष पूजन, विमान आगमन, देव पूजन, मण्डप प्रवेष, अग्नि स्थापना होगी। वही इसी दिन जल यात्रा सुबह दस बजे षंकर झरी से षंकर कॉलोनी तक निकाली जाएगी। 11 अप्रैल को सर्वदेव पूजन, हवन, जलाधिवास, 12 अप्रैल को सर्वदेव पूजन, हवन, पत्रादि पुश्पाधिवास, फलादिवास, 13 अप्रैल को सर्वदेव पूजन, हवन, धृताधिवास, षंकराधिवास एवं अनाधिवास तथा 14 अप्रैल को सर्वदेव पूजन, महाभिशेक, हवन, वस्त्राधिवास, प्राण-प्रतिश्ठा, पाणिग्रहण संस्कार, अचल प्रतिश्ठा, पूर्णाहूति एवं प्रसादी वितरण के साथ धार्मिक अनुश्ठान सम्पन्न होगें।

## शक्ति व दीपा ने 24 आवर स्टेडियम रन में फहराया कोटा का परचम

- 24 घंटो की अग्निपरीक्षा-शक्ति और दीपा ने रचा नया इतिहास
- 171.6 और 183.2 किलोमीटर का सफर-कोटा के धावकों ने रचा इतिहास

**कोटा,** (निसं)। कोटा के दो साहसी धावकों ने बेंगलुरु में आयोजित 24 आवर स्टेडियम रन प्रतियोगिता में अपनी असाधारण दृढ़ता और साहस का परिचय देते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। 30-31 मार्च, 2025 को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से 51 शीर्ष धावकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 41 पुरुष और 10 महिला धावक शामिल थे। बेंगलुरु की तपती धूप, जहां तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, उच्च आर्द्रता और लागातर 24 घंटे लगातार दौड़ने की चुनौती के बावजूद, इन धावकों ने मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए प्रतियोगिता को पूरा किया और कोटा का परचम फहराया। अदम्य साहस का परिचय-एक्स आर्मी मेन एवं अंतराष्ट्रीय धावक कोटा के चमकते सितारे, शक्ति सिंह हाड़ा ने भी अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 24 घण्टे में 183.2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस शानदार प्रदर्शन के साथ, उन्होंने पुरुष धावकों में 7वां और समग्र प्रतियोगिता में 8वां स्थान हासिल किया। शक्ति सिंह ने बताया 24 घंटे लगातार दौड़ना शारीरिक से ज्यादा मानसिक चुनौती है, रात के घंटों में जब शरीर थकान से चूर हो जाता है, तब आपका मानसिक संकल्प ही आपको आगे बढ़ाता है। कोटा की पहली महिला अल्ट्रा-मैराथन धावक दीपा यादव ने 171.6 किलोमीटर की दूरी तय करके इतिहास रच दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, दीपा ने महिला धावकों में चौथा स्थान और समग्र प्रतियोगिता में 13वां स्थान हासिल किया।

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांकः-ननिको/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/212 — दिनांकः 3.4.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बब्बू पुत्र स्व. श्री अब्दुल सलाम निवासी-संजय बस्ती किशोरपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या-संजय बस्ती किशोरपुरा कोटा (राज.) क्षेत्रफल-306 वर्गफुट का रजिस्ट्री कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कार्यालय नगर निगम कोटा के पत्रांक ननिको/नियमन-आवंटन/1999-2000/1869 दिनांक 03.01.2001 से नियमन-आवंटन/अधिकार पत्र-अहस्तांतरणीय श्री अब्दुल सलाम पुत्र श्री जुम्मा खॉ एवं श्रीमती जुबैदा बेगम पत्नी श्री अब्दुल सलाम को किया गया। श्री अब्दुल सलाम पुत्र श्री जुम्मा खॉ की मृत्यु दिनांक 07.01.2024 को हो चुकी है एवं श्रीमती जुबैदा बेगम पत्नी श्री अब्दुल सलाम की मृत्यु दिनांक 03.03.2025 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके एकमात्र विधिक वारिसान श्री बब्बू पुत्र स्व. श्री अब्दुल सलाम है। श्री बब्बू पुत्र स्व. श्री अब्दुल सलाम के पक्ष में रजिस्ट्री की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 23 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 2.4.25

आवास संख्या 5/106 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री गोपाल लाल विजय पुत्र श्री किशोरी लाल विजय को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री गोपाल लाल विजय पुत्र श्री किशोरी लाल विजय द्वारा दिनांक 24.04.2014 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री गोपाल लाल विजय पुत्र श्री किशोरी लाल विजय द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 01.05.2014 को श्रीमती नीलम त्यागी पत्नी श्री विकास त्यागी को किया गया। श्रीमती नीलम त्यागी पत्नी श्री विकास त्यागी का नाम दिनांक 01.03.2016 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती नीलम त्यागी पत्नी श्री विकास त्यागी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 16.03.2016 को श्रीमती रेखा अग्रवाल पत्नी श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल एवं श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल पुत्र श्री बद्रीलाल को संयुक्त रुप से किया गया। श्रीमती रेखा अग्रवाल पत्नी श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल एवं श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल पुत्र श्री बद्रीलाल का नाम दिनांक 27.09.2016 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती रेखा अग्रवाल पत्नी श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल एवं श्री विरेन्द्र कुमार मित्तल पुत्र श्री बद्रीलाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 05.02.2025 को श्री कृष्ण मुरारी शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री कृष्ण मुरारी शर्मा को संयुक्त रुप से किया गया। श्री कृष्ण मुरारी शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री कृष्ण मुरारी शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5/106 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्ण मुरारी शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री कृष्ण मुरारी शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्ण मुरारी शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री कृष्ण मुरारी शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कृष्ण मुरारी शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण शर्मा एवं श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री कृष्ण मुरारी शर्मा के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

## कांग्रेस ब्लॉक बूंदी व ब्लॉक तालेड़ा की बैठक आज

**बून्दी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूंदी की संगठनात्मक बैठक आज दिनांक 4 अप्रैल 2025 को 11:00 बजे शिवम मैरिज गार्डन नैनवा रोड बूंदी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तालेड़ा की बैठक साय 3:00 बजे कैलाश रेस्टोरेंट, बाईपास रोड तालेड़ा में में आयोजित की जाएगी। जिसमें हरिमोहन शर्मा विधायक, बूंदी प्रहलाद गुंजल पूर्व विधायक व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस कोटा बूंदी, सीएल प्रेमी, जिला अध्यक्ष बूंदी व विधायक के पाटन तथा विधानसभा प्रभारी आशीष शर्मा भाग लेंगे जिसमें जिला कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस मंडल इकाई बूथ अध्यक्ष युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल राजीव गांधी पंचायत राज सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारी सम्मिलित होगे।

## श्री राड़ी के बालाजी मन्दिर प्रागंण में भजन संध्या का भव्य आयोजन

- कन्हैया मित्तल ने गाए खाटू श्याम के भजन, श्रद्धालुओं ने मोबाइल से की रोशनी

**झालावाड़** । दशहरा मैदान में महावीर सेवा दल की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। झालावाड़ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर दशहरा मैदान में महावीर सेवादल की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष संजय ताऊ एवं सेवादल के सभी सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर की गई। अंतरराष्ट्रीय भजन गायक कन्हैया मित्तल ने सबसे पहले राड़ी के बालाजी मंदिर में दर्शन किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ कन्हैया मित्तल ने गणपति वन्दना के साथ किया। उन्होंने खाटू श्याम बाबा के लोकप्रिय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। मित्तल ने ''मैं हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है...'', ''ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है....'' और ''गजब मेरे खाटू वाले.....' जैसे भजन गाए। कार्यक्रम का विशेष क्षण तब आया जब उन्होंने ''भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा...'' भजन गाया। श्रोताओं ने अपने मोबाइल फोन की रोशनी से दीप जलाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मित्तल ने मंच पर आने वाले युवा भक्तों का चुनरी देकर सम्मान किया। शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए।

## मलेरिया क्रेश कार्यक्रम में 9089 घरों का सर्वे किया

**कोटा,** (निसं)। कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना है अभियान एवं मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की 692 टीमों ने जिले में 9089 घरों का सर्वे किया। टीमों ने लार्वारोधी गतिविधियां कर आमजन को जागरूक किया। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि जिले में मौसमी बीमारिया डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं स्क्रब टायफस आदि की रोकथाम के लिए टीमों ने 14643 कंटेनरों जिनमें टंकी, कूलर, परिण्डे आदि अन्य की जांच की, इस दौरान लार्वा मिले 107 कंटेनरों को उपचारित किया, 772 कंटेनरों को खाली कराया, 687 कंटेनरों में टेमीफोस व 494 स्थानों पर एमएलओ डाला, 10 कमरों में पायरेथ्रम का स्प्रे किया। इस दौरान 154 ब्लड स्लाईड भी ली गई। आमजन को बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्फलेट वितरित किए व पोस्टर व स्टीकर चस्पा किए।

## मनोज जैन एकाउन्टेन्ट्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निर्वाचित

- लेखाधिकारियों का सम्मान रहेगा जीवित-जिला अध्यक्ष मनोज जैन चतर

**रामगंजमण्डी**,(निसं)। राजस्थान एकाउन्टेन्ट्स एसोसिएशन जिला शाखा कोटा के चुनाव में राजकीय महाविद्यालय कोटा के सहायक लेखा अधिकारी मनोज जैन चतर निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी एवं कोषाधिकारी कोटा आशीष शर्मा ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रतिनिधियों को पद की शपथ दिलाई। संगठन के देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मनोज जैन चतर ने कहा कि लेखाधिकारियों का सम्मान सदैव जीवित रहेगा एवं लेखाधिकारियों के हितों के लिए सदैव ही संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने लेखा संवर्ग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य करें। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त कोषाधिकारी टीकमचंद जैन ने बताया कि प्रांतीय प्रतिनिधि के पद पर रमेश वासवानी दीपक बाथरा लक्ष्मी शर्मा जतिन अरोरा निर्विरोध निर्वाचित हुए।इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल पेंशन समाज के अध्यक्ष रमेश गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश जैन पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सोरल पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सक्सेना पूर्व जिला अध्यक्ष रामस्वरूप अजमेरा पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के परमानंद गोयल व पूर्व जिला अध्यक्ष नंद सिंह चंद्रावत ने मनोज जैन चतर को जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025 — दिनांक

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना बसंत विहार स्पेशल भूखण्ड संख्या 41 का नामहस्तांतरण क्रमांक 669-71 दिनांक 15.12.2017 को श्री तुलसीराम पुत्र श्री देवनमल के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री तुलसीराम पुत्र श्री देवनमल की मृत्यु दिनांक 19.01.2019 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री तुलसीराम पुत्र श्री देवनमल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयती गवाहो के शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री मूलचन्द पुत्र स्व.श्री तुलसीराम द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 41 बसंत विहार स्पेशल अपने नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 41 योजना बसंत विहार स्पेशल का नामहस्तान्तरण श्री मूलचन्द पुत्र स्व.श्री तुलसीराम के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

## 'समस्याओं के समाधान में रखें संवेदनशीलता'

- कलक्टर ने भालता में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**झालावाड़,।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और विभिन्न मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिला कलक्टर ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारी संवेदनशीलता से निस्तारण करें तथा सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो। प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर है। इसलिए ग्रामीणों की समस्याओं की संवेदनशीलता देखें और अति आवश्यकता वाले कार्यों को यथाशीघ्र निस्तारित करें।

जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएं और आपूर्ति की नियमित निगरानी की जाए।

जनसुनवाई में कुसुम योजना के ए और सी घटकों की जानकारी दी गई और संबंधित किसानों को इसका लाभ दिलाने पर चर्चा की गई।

जनसुनवाई में आवास की समस्या एवं मकान के पट्टे जारी करने को लेकर अपनी बात रखी। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले। जिला कलक्टर ने मिड डे मील योजना की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना। जिला कलक्टर ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

जनसुनवाई में सीसी सड़क निर्माण, पी एम आवास, नाली निर्माण, पेंशन, पेयजल, बिजली आदि से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी विकास प्रजापति, स्थानीय प्रशासक सुनीता गुर्जर, विकास अधिकारी आदेश कुमार मीना, नायब तहसीलदार बलराम मीना मौजूद रहे।

## वनवास की लीला का मंचन

**मांगरोल।** नगर में चल रही है एतिहासिक ढाई कड़ी की रामलीला में चौथे दिन राजा दशरथ केकई संवाद की लीला के साथ भगवान श्री राम को 14 वर्ष का वनवास एवं भरत को अयौध्या की गद्दी पर राजतिलक करो ओर रामलीला में राम लक्ष्मण बाल रुप में चित्रकूट के घाट पर तुलसीदास चंदन गिसे तिलक करें रघुवीर झांकी तुलसीदास भगवान श्री राम की झांकी की आरती का मुख्य अतिथि रामलीला समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया सभी देवताओं ने मां सरस्वती से जाकर कहा कि भगवान श्री राम का राज तिलक हो गया तो रावण कैसे मरेगा इसलिए आप ऐसा कार्य करे भगवान का राज तिलक नहीं हो और रावण भी मारे मां सरस्वती ने सभी देवताओ को आशीर्वाद दिया कि आपकी इच्छा पूरी होगी और अपने दो वचन राजा दशरथ से मांगने के लिए केकई अपने आभूषण उतार कर कोप भवन में चली गई, जब राजा को पता चला की रानी नाराज है उसे मनाने के लिए कोप भवन में गए ,रानी ने राजा दशरथ से कहा की मुझे दो वचन दीजिए जो आपने रण में दिए जो आज मांगना है, राजा ने कहा मांगो भगवान श्री राम के लिए 14 वर्ष का वनवास व भरत को अयोध्या की गद्दी राजतिलक भरत का हो ,यह वचन सुनकर राजा दशरथ को बहुत धक्का लगा ।ओर जनता में आग की तरह यह फैलने से अहंकार मच गया ।राम व लक्षमण सीता पिता की आज्ञा मानकर 14 वर्ष के लिए वन में चले गए रामलीलाओं का दर्शकों ने देखकर बहुत आनंद लिया।

## 'बून्दी के विकास के लिए हो बून्दी विकास न्यास की स्थापना'

- बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि गत कांग्रेस शासन में बून्दी जिले के 64 गांवों को केडीए में शामिल करने का विरोध भी विधानसभा में किया तथा कहा कि यदि बून्दी जिले के गांवों को केडीए में मिलाना ही है तो बून्दी को भी शामिल कर केडीए का नाम बदलकर केबीडीए किया जाए
- विधायक ने नवजीवन संघ कॉलोनी एवं रजत गृह कॉलोनी को वन विभाग के दायरे से मुक्त करने की मांग की

**बून्दी।** गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा ने विधानसभा के हाल ही में समाप्त हुए सत्र में बून्दी जिले से सम्बन्धित समस्याओं को उठाने की विस्तृत जानकारी दी।

बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि गत कांग्रेस शासन में बून्दी जिले के 64 गांवों को केडीए में शामिल करने का विरोध भी विधानसभा में किया तथा कहा कि यदि बून्दी जिले के गांवों को केडीए में मिलाना ही है तो बून्दी को भी शामिल कर केडीए का नाम बदलकर केबीडीए किया जाए। इसी तरह कोटा एयरपोर्ट के लिए लगभग तीन हजार बीघा जमीन बून्दी जिले की ली गई है, लेकिन एमओयू में हवाई अड्डे का नाम कोटा बून्दी हवाई अड्डा नहीं रखा गया है। जिसकी मांग वे शुरू से ही करते आ रहे है।

उन्होंने बून्दी जिले में कानून व्यवस्था को निंदनीय बताते हुए कहा कि जिले में एक के बाद एक अपराध घटित हो रहे है लेकिन पुलिस प्रशासन अपराधियों को पकड़ने में नाकाम है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर अपराधियों को बचाने का आरोप भी लगाया।

विधायक शर्मा ने बून्दी नगर परिषद में भाजपा सभापति के सात माह के कार्यकाल को असफल बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में स्वीकृत टेंडर को भाजपा के कार्यकाल में पूरा करने के बजाय उन्हें रोककर बून्दी का विकास अवरुद्ध किया है। उन्होंने नियमानुसार सभापति का चुनाव करवाने की मांग भी की।

विधायक ने नवजीवन संघ कॉलोनी एवं रजत गृह कॉलोनी को वन विभाग के दायरे से मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने बून्दी में बस स्टैंड के स्थान पर मिनी सचिवालय बनाने और बून्दी विकास न्यास की स्थापना करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि विधानसभा में उन्होंने बून्दी जिले की समस्याओं के साथ राजस्थान में बलात्कार प्रकरण, समरावता आगजनी प्रकरण, बजरी माफिया, साइबर क्राइम, जेल से अपराधियों द्वारा गैंग संचालित करने, परीक्षा में छात्रों की जनेऊ उतारे जाने आदि मुद्दे भी प्रमुखता से उठाये।

**भाजपा सभापति पर साधा निशाना-**

शर्मा ने भाजपा सभापति के कार्यकाल में एक भी पट्टा जारी नहीं करने का आरोप लगाया है। जिन लोगों की राशि जमा है उनको भी राज्य सरकार के आदेश के बावजूद पट्टो से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुखमहल, स्मृति कुंज, टैरेस गार्डन के स्वदेश दर्शन योजना से बाहर होने से इनका सौन्दर्यकरण नहीं हो सकेगा।

इस अवसर पर अरबन बैंक चेयरमेन सत्येश शर्मा, बून्दी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकरण मीना, बून्दी शहर अध्यक्ष शैलेष सोनी, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, प्रेमप्रकाश एवरग्रीन, युवा नेता राघव शर्मा, मनीष शर्मा आदि मौजद थे।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/1431 — दिनांक : 03.04.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना बसंत विहार केशवपुरा-9 भूखंड संख्या 171 का नामहस्तांतरण क्रमांक 750-51 दिनांक 05.07.2010 को श्री दयाकृष्ण चतुर्वेदी पुत्र श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी एवं श्रीमती नन्द कंवर पत्नी श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री दयाकृष्ण चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 19.01.2018 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री दयाकृष्ण चतुर्वेदी पुत्र श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती नन्द कंवर चतुर्वेदी पत्नी श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 171 बसंत विहार केशवपुरा-9 अपने नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 171 योजना बसंत विहार केशवपुरा-9 का नामहस्तान्तरण श्रीमती नन्द कंवर चतुर्वेदी पत्नी श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025 — दिनांक

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना विवेकानन्द नगर आवास संख्या 207 का आवंटन पत्र क्रमांक 450 दिनांक 16.11.1998 को श्री जगदीश प्रसाद बर्ग पुत्र श्री केशरी लाल के नाम आवंटन किया गया था। श्री जगदीश प्रसाद बर्ग की मृत्यु दिनांक 11.04.2014 को हो गयी है। श्री जगदीश प्रसाद बर्ग की मृत्यु पश्चात उनके तीन पुत्र श्री महेन्द्र कुमार, श्री रामावतार बर्ग एवं श्री शांति लाल नामा व एक पुत्री श्रीमती हेमलता नाहर सभी का 1/4-1/4 का निहित हिस्सा चला आ रहा था। जिसमें श्री शांति लाल नामा की मृत्यु दिनांक 18.03.2019 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री शांति लाल नामा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद बर्ग के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री महेन्द्र कुमार पुत्र स्व.श्री जगदीश प्रसाद श्री रामावतार बर्ग पुत्र स्व.श्री जगदीश प्रसाद, श्रीमती हेमलता नाहर पुत्री स्व.श्री जगदीश प्रसाद एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी नामा पत्नी स्व.श्री शांति लाल नामा द्वारा उक्त आवास संख्या 207 अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 207 योजना विवेकानन्द नगर का नामहस्तान्तरण श्री महेन्द्र कुमार पुत्र स्व.श्री जगदीश प्रसाद, श्री रामावतार बर्ग पुत्र स्व.श्री जगदीश प्रसाद, श्रीमती हेमलता नाहर पुत्री स्व.श्री जगदीश प्रसाद एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी नामा पत्नी स्व.श्री शांति लाल नामा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/1420 — दिनांक : 3.4.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवास संख्या 86 का नामहस्तांतरण क्रमांक 435 दिनांक 16.10.2018 को श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री गोपाल लाल के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री चन्द्र प्रकाश की मृत्यु दिनांक 27.04.2022 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री गोपाल लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती रेखा बाई पत्नी स्व. श्री चन्द्र प्रकाश एवं नाबालिग पुत्र रितिक केवट पुत्र स्व. श्री चन्द्र प्रकाश, पुनीत केवट पुत्र स्व. श्री चन्द्र प्रकाश व विशाखा केवट पुत्री स्व. श्री चन्द्र प्रकाश जरियेवली संरक्षक माता श्रीमती रेखा बाई पत्नी स्व. श्री चन्द्र प्रकाश द्वारा उक्त आवास संख्या 86 श्रीरामकृष्णपुरम-ई अपने नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 86 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई का नामहस्तान्तरण श्रीमती रेखा बाई पत्नी स्व. श्री चन्द्र प्रकाश एवं नाबालिग पुत्र रितिक केवट पुत्र स्व. श्री चन्द्र प्रकाश, पुनीत केवट पुत्र स्व. श्री चन्द्र प्रकाश व विशाखा केवट पुत्री स्व. श्री चन्द्र प्रकाश जरियेवली संरक्षक माता श्रीमती रेखा बाई पत्नी स्व. श्री चन्द्र प्रकाश के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा